# PRIMARY TEACHERS' EDUCATION COLLEGE

Gurwa, P.O. Sitagarha, Dist. Hazaribag, 825 303, Jharkhand, INDIA

(A Jesuit Christian Minority Institution, Estd. 1958)

**Recognized by ERC, NCTE vide order No. BR-E/E- 2/96/2799(12) dt 11.02.1997. Website: www.ptecgurwa.org**

Ph. 06546-352385(O), 352565 (P); Mob. 89879 03798 (O); 98353 58073 (P); Email: info@ptecgurwa.org


## प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में निर्देश: सत्र 2026-2028

### आवेदन, चयन परीक्षा, साक्षात्कार एवं नामांकन

**महत्वपूर्ण तिथियाँ :-**

1) प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि: 16.02.2026 से 24.04.2026 तक।
2) पूर्ण आवेदन जमा करने की तिथि: 16.02.2026 (सोमवार) से 24.04.2026 (शुक्रवार) तक।
3) साक्षात्कार की विस्तृत सूचना: 30.04.2026 (गुरुवार शाम 7 बजे तक)।
4) लिखित परीक्षा की तिथि एवं समय: 03.05.2026 (रविवार) 09.00 बजे से 11.00 बजे पूर्वाह्न।
5) साक्षात्कार की तिथि: 4-5 मई 2026 (सोमवार - मंगलवार), 09.00 बजे से 04.00 बजे तक।
6) नामांकन: 22-23 जून 2026 (पूर्वाह्न 09.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक)।
7) छात्रावास में आने की तिथि: 30.06.2026 (मंगलवार)।
8) कक्षाएँ शुरू होने की तिथि: 01.07.2026 (बुधवार)।

- अप्रत्याशित कारणों से तिथियों में परिवर्तन की जा सकती है।
- प्रवेश संबंधी सभी कार्य महाविद्यालय के कार्यालय या परिसर में ही सम्पन्न होगा।
- सभी सूचनाएँ महाविद्यालय के वेबसाइट एवं सूचनापट्ट पर दी जाएगी।
- प्रपत्र का दाम: ₹ 1000/- (एक हजार रूपये मात्र)।
- मार्च 2026 में इंटरमीडिएट (प्लस टू) परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।
- मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का पंजीयन रसीद, प्रवेश पत्र, अंक पत्र, उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, स्नातक अंक पत्र (यदि हो तो), जाति प्रमाण पत्र, (online), आवासीय प्रमाण पत्र (online), तथा बपतिस्मा प्रमाण पत्र (baptism certificate, for Christian candidates only) की स्वाभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ पूर्ण आवेदन के साथ अवश्य जमा करें।
- कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लेते समय ही जाँचकर सही पाने पर **लिखित परीक्षा प्रवेश-पत्र** निर्गत किया जायेगा।
- डाक द्वारा प्राप्त पूर्ण आवेदन के लिए प्रवेश-पत्र परीक्षा के एक घंटा पूर्व तक महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।
- लिखित प्रवेश परीक्षा का विषय: हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, भूगोल, समाज अध्ययन, इतिहास, सामान्य ज्ञान। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र के साथ प्रवेश करें।
- नामांकन के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची 2026 की इंटरमीडिएट (प्लस टू) परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद जारी की जाएगी।

**कृपया ध्यान दें :-**

1. आवेदन पत्रों की संख्या सीमित होती है। निश्चित संख्या निर्गत होने पर आवेदन पत्रों का वितरण बंद किया जाता है।
2. महाविद्यालय विवरणिका (College Prospectus) तथा इस सूचना पत्र के सभी चार पृष्ठों को ध्यान से पढ़ने के बाद ही आवेदन प्रपत्र और प्रवेश पत्र (Admit Card) को भरें।
3. आवेदन पत्र में नाम, माता-पिता का नाम, और जन्म तिथि मैट्रिक प्रमाण पत्र के आधार पर भरें।

4. अगर उम्मीदवार अध्ययनरत हों तो प्रपत्र के निर्धारित स्थान पर उसका जिक्र करें।
5. अपूर्ण /गलत जानकारीयुक्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाता है; मेरिट लिस्ट में उन्हें शामिल नहीं किया जाता है।
6. प्रवेश परीक्षा/ साक्षात्कार के समय महाविद्यालय में ठहरने / भोजन की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए आवेदक स्वयं प्रबंध करें।
7. साक्षात्कर के समय आवेदक के साथ अभिभावक का होना अनिवार्य है।
8. नामांकन या सत्यापन के समय कोई प्रमाण पत्र जाली पाए जाने पर चयन एवं नामांकन रद्द किया जाता है।
9. समय पर नामांकन नहीं कराने पर चयन रद्द मानकर मेरिट लिस्ट के अगले उम्मीदवार को नामांकन के लिए बुलाया जाता है।
10. महाविद्यालय/ स्कूल परित्याग प्रमाण पत्र (CLC / SLC) के बिना नामांकन नहीं होता है। यदि आवेदक स्नातक या स्नातकोत्तर पढ़ाई कर रहे हों, तो उन्हें कोर्स छोड़कर CLC लाना अनिवार्य होता है।

**आवेदन अस्वीकार किए जाने और नामांकन नहीं होने के कुछ अन्य कारण:-**

a) अस्थानीय आवेदक के द्वारा छात्रावास के लिए आवेदन नहीं जमा करना।
b) शैक्षणिक योग्यता अथवा निर्धारित आयु पूरा नहीं होना।
c) प्रवेश परीक्षा में कम प्रतिशत प्राप्तांक होना, इत्यादि।

**नामांकन के समय कार्यालय में अनिवार्य रूप से निम्न मूल प्रमाण पत्र / दस्तावेज़ तथा उनकी स्वाभिप्रमाणित (self-attested) छायाप्रति प्रस्तुत करें: -**

(1) मैट्रिक का पंजीयन रसीद, प्रवेश पत्र, अंक पत्र तथा औपबंधिक/मूल प्रमाण पत्र।
(2) इन्टरमीडिएट का पंजीयन रसीद, प्रवेश पत्र, अंक पत्र, औपबंधिक/मूल प्रमाण पत्र।
(3) प्रव्रजन (Migration) प्रमाण पत्र (JAC को छोड़कर अन्य बोर्ड से इंटर या स्नातक उत्तीर्ण प्रार्थी हेतु अनिवार्य)
(4) महाविद्यालय / विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र तथा चरित्र प्रमाण-पत्र।
(5) स्नातक का अंक पत्र (यदि है तो अनिवार्य)।
(6) स्नातकोत्तर का अंक पत्र (यदि है तो अनिवार्य)।
(7) ऑनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र (आय प्रमाण पत्र: 01.04.2026 के बाद का)।
(8) स्वास्थ्य प्रमाण पत्र का मूल प्रति (सिविल सर्जन, सदर अस्पताल से निर्गत केवल मान्य)।
(9) आधार कार्ड, आधार नम्बर से लिंक किया हुआ बैंक खाते का पास बुक एवं पैन कार्ड।
(10) बपतिस्मा प्रमाण पत्र (सिर्फ ईसाई आवेदकों के लिए)।
(11) दिव्यांग प्रमाण पत्र (दिव्यांग उम्मीदवार के लिए अनिवार्य)।
(12) NCC, स्काउट (गाइड), राज्य या राष्ट्रीय स्तर का खेल-कूद, सांस्कृतिक या अन्य विशेष उपलब्धियों के प्रमाण पत्र यदि हो तो।

**नोट:**

- क्र. स. (1) – (4) के प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों को एक कभर फाईल में रखकर ऑफिस में जमा करना है। इन्हें D. El. Ed. की परीक्षा के पंजीयन के पश्चात सभी शुल्कों की अदायगी पर वापस दिया जाता है। अतः नामांकन के लिए आने के पहले ही इन प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ अपने लिए बनवा लें।
- वर्तमान का रंगीन फोटो के एक-एक पासपोर्ट साईज़ तथा स्टैम्प-साइज़ प्रति जमा करना आवश्यक है।